श्याम से प्रीत | By Neeraj Sharma

श्याम से प्रीत लगाने दो
इनका मुझे बन जाने दो
प्रेम के आंसू बह जाने दो
इनके पग पड़ जाने दो
श्याम से प्रीत लगाने दो
इनका मुझे बन जाने दो

श्याम दयालु दया करते
शरणागत की लाज रखते
इनकी शरण में जाने दो
श्याम से प्रीत लगाने दो
इनका मुझे बन जाने दो

प्रेम का जग में है नहीं मोल
प्रेम तराजू ले कर तोल
सबको मुझे समझाने दो
श्याम से प्रीत लगाने दो
इनका मुझे बन जाने दो

श्याम चरण रज है अनमोल
बनवारी इसका नहीं मोल
मस्तक इसको लगाने दो
श्याम से प्रीत लगाने दो
इनका मुझे बन जाने दो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80%e0%a4%a4-by-neeraj-sharma/